CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:07 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:01 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 90 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 24 सितम्बर 2024

गुरदास मान ने की शाहरुख खान ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, शव भेजा पोस्टमार्टम को

**रुद्रपुर।** कोतवाली किच्छा क्षेत्र में एक मजदूर संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोशी की हालत में सड़क किनारे पड़ा था। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत कारण अज्ञात है। पुलिस के मुताबिक 32 वर्षीय मंगल पुत्र मदन लाल निवासी हरियाणा फार्म पुराना बरेली रोड किच्छा मजदूरी करता था। सोमवार शाम को वह लाइन पार के पास बेहोशी की हालत में पड़ा था। सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया जा रहा है कि चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा।

### विद्यालयों के संचालन का समय 20 अक्टूबर तक न बदलें

**हल्द्वानी।** जिले में विद्यालयों का संचालन 20 अक्टूबर तक यथावत रखने की मांग उठाई गई है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार की ओर से मुख्यमंत्री शिक्षाधिकारी व जिला शिक्षाधिकारी प्राथमिक शिक्षा को भेजे गये मांगपत्र में कहा गया है कि इन दिनों उमस भरी गर्मी का प्रकोप जारी है। तमाम विद्यालयों में बिजली व पंखे नहीं, गर्मी की वजह से बच्चों को डायरिया व बुखार की शिकायत हो रही है। उन्होंने ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले विद्यालयों का संचालन 20 अक्टूबर तक यथावत रखने की मांग की है। गौरतलब है कि वर्तमान में जिले के हल्द्वानी, कोटाबाग, रामनगर आदि मैदानी क्षेत्रों के स्कूलों में सुबह सात से एक बजे तक विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। एक अक्टूबर से यह समय बदलकर सुबह 9.30 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक कर दिया जाता है लेकिन इस बार उमस भरी गर्मी कम न होने के कारण शिक्षक संघ ने विद्यालयों का संचालन 20 अक्टूबर तक यथावत रखने की मांग की है।

## खाने-पीने के सामान में गंदगी मिलाने पर योगी सरकार सख्त

**लखनऊ** — एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट और गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में घटीं ऐसी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों और रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित



करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य और गंदी चीजों की मिलावट की घटनाएं देखने को मिली हैं। ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किया जा सकते। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाने आवश्यक हैं। ऐसे ढाबों और रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही शीघ्रता से सम्पन्न कराई जाए। खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किये जाने चहिये। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए। ढाबे, होटलों और रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि खान पान के केंद्रों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क और ग्लव्स का उपयोग जरूर करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

**यूनुस के खिलाफ न्यूयॉर्क में मोर्चा**

## अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर बांग्लादेशी नागरिकों का भड़का गुस्सा

**वॉशिंगटन** — एजेंसी

मोहम्मद यूनुस संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका आए हुए हैं। यहां उनके होटल के बाहर विरोध-प्रदर्शन जारी है।

बांग्लादेश में हिंसा तो थम गई, लेकिन तनाव अभी बना हुआ है। यहां अल्पसंख्यकों और उनके धर्म स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे में जब यहां की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस न्यूयॉर्क पहुंचे तो उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। दरअसल, जिस होटल में यूनुस रुके हैं, उसके बाहर बांग्लादेशी नागरिक जमा हो गए और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर उनके खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शकारियों ने कहा, डॉ मोहम्मद यूनुस ने असंवैधानिक रूप और गलत तरीके सत्ता कब्जा ली। उन्होंने गंदी राजनीति के साथ सत्ता पर कब्जा किया और बहुत सारे लोग मारे गए। अभी




तक हमारी निर्वाचित प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा नहीं दिया है। हम संयुक्त राष्ट्र से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करते हैं कि वह यहां बांग्लादेशी लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं करें।

नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली को लेकर अपनी सरकार के खिलाफ अभूतपूर्व सरकार विरोधी छात्र नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को हसीना ने इस्तीफा दे दिया और भारत चली गईं। हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को अंतरिम सरकार द्वारा प्रतिस्थापित किया गया और 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को इसका मुख्य सलाहकार नामित किया गया।

बांग्लादेश में हसीना सरकार के पतन के बाद देश भर में भड़की हिंसा की घटनाओं में 230 से अधिक लोग मारे गए, सरकारी नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली के खिलाफ छात्रों द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या 600 से अधिक हो गई है। यहां लगातार अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है।

## प्रोपर्टी डीलर को अगवा करने में एक नामजद समेत कई अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर** — हमारे संवाददाता

दिन दहाड़े प्रोपर्टी डीलर को कार में जबरन बैठा कर ले जाने के मामले में पुलिस ने एक नामजद समेत 7-8 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। राजू पुत्र तेज राम जनपद रोड़ फुलसुंगा रूद्रपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है।

22 सितंबर 24 को लगभग सांय 7:30 बजे किसी ग्राहक को जेपी नगर फुलसुंगा में प्लाट दिखाने के लिये गया था। तभी वहां पर सुमित नाम का व्यक्ति आया और कहने लगा यह प्लाट मैने खरीद लिया है। प्लाट को क्यों दिखा रहा है। जबकि उसका उस प्लाट से कोई लेना देना नहीं है। सुमित से प्लाट के कागजात दिखाने को कहा। इसी बात को लेकर सुमित ने मारपीट करनी शुरू कर दी। वह जिनका प्लाट था उनके पास गया। आरोप है कि सुमित ने तभी अपने लड़कों को फोन करके बुला लिया। आठ से 10 लड़कों ने मुझे आकर घेरा। भय से वह भागकर अपने मकान में जाकर छुपा। डायल 112 पर सूचना की। कई बार फोन लगाने पर फोन उठाया गया। तभी मैने भाई को फोन किया तो भाई मौके पर पहुंचा। तभी दोनों साइड से एक कुलदीप नाम के आए थे उन्होंने कहा कि चलो बात आगे मत बढाओ। उसे समझौते के लिये उसके पास लेकर गए। राजू के मुताबिक वहां पर सुमित के लड़कों ने मेरे उपर हाथ छोड़ दिया।वहां से वापस थाना की ओर आया और पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस ने सुबह को आने की बात कही। बाद में सुमित जान से मारने की धमकी देने लगा। राजू ने बताया कि वह 23 सितंबर 24 को थाना ट्रांजिट कैम्प में तहरीर देकर वापस बाईक पर बैठ घर जा रहा था। रास्ते में लगभग दोपहर 12:30 बजे नारायण कालोनी के पास एक कार और तीन बाईकों से 6 लड़कों ने मुझे घेर कर मार पीट शुरू कर कार में जबरन डाल लिया। उसे जनपद रोड़ फुलसुंगा हिन्दू युवा वाहिनी कार्यलय ले गए। वहां पर भी मारपीट की और समझौता बनाने के लिये दबाव बनाने लगे। पुलिस व मीडिया को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच उसे बचाया। इंस्पेक्टर मोहन चंद पांडे का कहना था कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर प्रदर्शन धरना

**रुद्रपुर** — हमारे संवाददाता

डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क से अतिक्रमण हटाने एवं सौंदर्यीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर दर्जनों लोगों ने मंगलवार को अम्बेडकर पार्क में धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने पार्क में ठेलियों को हटाकर सौंदर्यीकरण करने, पार्क में बाबा साहब डाक् अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित करने, पार्क की सफाई नियमित रूप से करने, पार्क में हाईमास्ट लाईट लगाये जाने, क्षतिग्रस्त पार्क का पुननिर्माण एवं चारों ओर छायादार पौधे एवं फुलवारी की व्यवस्था करने, पार्क में गेट लगाने और चाहरदिवारी में रंग रोगन कराने की पुरजोर मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पार्क की दुदर्शा नहीं सुधारी गयी तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पार्क से अतिक्रमण हटाने और सौंदर्यीकरण की मांग पहले भी कई बार की जा चुकी है लेकिन प्रशासन उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रहा है। हर बार झूठा आश्वासन दिया जाता है। धरना प्रदर्शन की सूचना पर नगर निगम की सहायक नगर आयुक्त शिप्रा जोशी वार्ता के लिए मौके पर पहुंची। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि मामले को लेकर शीघ्र ही उच्चाधिकारियों से वार्ता करके समस्या का समाधान निकाला जायेगा। धरना प्रदर्शन करने वालों में बसपा नगर अध्यक्ष राजकुमार, पूर्व पार्षद रंजीत सागर, जितेंद्र सागर, राजकुमार सागर, दीपक सागर, विजय पाल एडवोकेट,मिंटू सागर, सुशील कुमार, राजपाल नगर अध्यक्ष भीम आर्मी, शैलेन्द्र कोली, चंदन सागर, सुरेश गौतम,मिलन सागर, रविन्द्र सागर आदि शामिल थे।

## पुलिस ने किया पंडाल में खंडित मूर्ति मामले का खुलासा

**हल्द्वानी** — हमारे संवाददाता

सिंधी चौराहा स्थित होलिका ग्राउंड में भक्त प्रह्लाद की मूर्ति खंडित होने के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस का कहना है कि पिछले दिनों गणेश महोत्सव के दौरान लगाए गए टैंट को उतारने के दौरान मूर्ति खंडित हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने तीन-चार लोगों को पूछताछ के लिए भी हिरासत में लिया है। उनसे पूरे मामले की जानकारी ली जा रही है।

बता दें कि बीती देर रात सिंधी चौराहा स्थित होलिका मैदान में भक्त प्रहलाद की मूर्ति खंडित होने के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल पैदा हो गया था। तमाम हिन्दूवादी संगठन मौके पर पहुंच गए और मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के तमाम आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए




और गुस्साए लोगों को समझाने का प्रयास किया। लोगों का आरोप है कि होलिका मैदान के आसपास फड़ ठेलियां लगाने वाले युवकों ने ही मूर्ति खंडित की है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि अराजकता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं होलिका मैदान के आसपास फड़ ठेली लगाने वाले लोगों ने भी घटना की निंदा की है। फड़ लगाने वाले हनीफ, हबीब, राशिद का कहना है कि जो इस मामले का दोषी है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल पूरे मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले का जल्द खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं क्षेत्र में अब स्थिति सामान्य है। पुलिस ने सुरक्षा को देखते हुए बैरिकेडिंग कर अंदरूनी मार्गों पर आवाजाही प्रतिबंधित करने के साथ ही फड़ ठेलियों की दुकानों को भी बंद करा दिया गया। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें टैंट उतारने के दौरान मूर्ति खंडित होने के सबूत मिले। पुलिस ने टैंट उतारने वाले 3-4 श्रमिकों को भी हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि उन्होंने पकड़े गए टेंट कर्मी बंगाली समुदाय के हैं। सिन्धी चौक स्थित होली ग्राउंड में भक्त प्रहलाद की मूर्ति खण्डित करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा का कहना है कि शहर की फिजा बिगाड़ने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। अगर कोई भी व्यक्ति इस मामले में झूठी अफवाह फैलाता है या फिर झूठी खबर चलाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभाग की प्रवर्तन कार्रवाई और सड़क सुरक्षा कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में ईई लोनिवि रत्नेश सक्सेना ने बताया कि अगस्त तक इस वर्ष जिले में कुल 106 दुर्घटनाएं हुई जिसमें 85 मृतक और 75 घायल हुए, जिलाधिकारी ने बताया कि ओवर लोड, तेज रफ्तार तथा मदिरा सेवन और मोबाइल प्रयोग से सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा होती है जिसकी रोकथाम के लिए परिवहन विभाग,पुलिस विभाग को समय समय पर प्रवर्तन की कार्यवाही की जानी है साथ ही नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में सभी ब्लैक स्पाट को जल्द सुधार करने की बात कही।



जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग और एसडीएम को उन सड़कों की सूची बनाकर पैराफिट तथा क्रैश बेरियर व सुरक्षा दीवार निरीक्षण तथा गुणवत्ता की जांच करने को कहा जिन पर वर्तमान में विभाग द्वारा कार्य पूर्ण कर लिया है साथ ही दुर्घटना संभावित इलाकों और नो पार्किंग आदि इलाकों में साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।

कहा कि सड़क सुरक्षा संबंधित प्रचार कार्यक्रम आयोजन साथ ही प्रचार प्रसार हेतु एनजीओ के माध्यम से विद्यालयों के माध्यम से प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देश दिए कहा साथ ही सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिवारों का शीघ्र सर्वे पूर्ण कर पुनर्वास हेतु सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए,उन्होंने परिवारों के सर्वे का कार्य एक माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन और पुलिस प्रशासन से ऑटो, रिक्शा तथा ई-रिक्शा के चालकों के साथ कार्यशाला कर एसओपी की जानकारी देने को कहा। कार्यशाला में चालकों को बालिका सुरक्षा की जानकारी तथा मोटर व्हीकल एक्ट, ड्रेस कोड तथा आईडी कार्ड और रोड सेफ्टी के मानक बताने के साथ प्रत्येक रुट के लिए निर्धारित जगह तय करने आदि की जानकारी देने के निर्देश दिए।

उन्होंने एनएच के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर नरीमन चौराहे से भीमताल तिराहे तक की सड़क को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कहा कि बरसात खत्म होते ही अब युद्ध स्तर पर गड्ढा मुक्ति अभियान चलाया जाए। इस दौरान एसपी क्राइम हरबंस सिंह, आरटीओ प्रवर्तन हल्द्वानी डा. गुरदेव सिंह तथा ईई लोनिवि रत्नेश सक्सेना तथा एआरटीओ संदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

## दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के आरोपी 8 वर्ष का कठोर कारावास की सजा

**रुद्रपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिकन्द कुमार त्यागी ने पत्नी का दहेज के लिए उत्पीडन,मारपीट करने एवं आत्महत्या को प्रेरित करने वाले पति को 8 वर्ष का कठोर कारावास समेत 15 हज़ार रुपये जुर्माने की सज़ा सुनाई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता नंदन सिंह धामी ने बताया कि 13 सितंबर 2018 को निखिल बढ़ई निवासी अशोकनगर मानपुर ओझा बिलासपुर यूपी निवासी ने कोतवाली रूद्रपुर में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन संगीता की शादी क़रीब 6 वर्ष पूर्व शिवनगर थाना ट्रांजिट कैंप निवासी विवेक राय पुत्र कालीदास राय के साथ हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। दोनों पक्षों की जिरह सुनने व तथ्यों का परीक्षण करने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दहेज प्रताडना और आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी पति विवेक राय को आठ वर्ष का कठोर कारावास और 15 हजार का अर्थदंड देने की सजा सुनाई।



# श्री राम सेवक सभा की बैठक में कई मुद्दों पर विस्तार से गहन मंथन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

श्री राम सेवक सभा की सोमवार को हुई बैठकर में कई मुद्दों पर विस्तार से गहन मंथन किया गया। बैठक में सर्व प्रथम सभा परिवार की ओर से श्री मां नंदा देवी महोत्सव को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सभी श्रदालुओं का विशेष धन्यवाद किया गया।

बैठक में 3 अक्टूबर (गुरुवार) से 12 अक्टूबर (शनिवार) तक श्री रामलीला महोत्सव को भव्यता से मनाने का निर्णय लिया गया तथा सभी नैनीताल वासियों और राम भक्तों से सहयोग की प्रार्थना की गई है तथा सभी को महोत्सव में आमंत्रित किया गया। बैठक यह भी तय हुआ कि सभा की ओर जल्द ही एक कार्यक्रम आयोजित कर श्री मां नंदा देवी महोत्सव के समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। सभा की बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा संचालन महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने किया।

बैठक में अशोक साह,राजेंद्र बिष्ट ,बिमल साह, बिमल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी समेत राजेंद्र लाल साह, घनश्याम लाल साह,हरीश सिंह राणा, राजेंद्र बजेठा, हीरा सिंह,गोविंद,गोधन सिंह, मनोज साह ,कमलेश ढौंडियाल, देवेंद्र लाल साह, गिरीश भट्ट, सतीश पांडे, कैलाश बोरा, चंद्र प्रकाश साह, आलोक चौधरी,दीप गुरुरानी, डॉ. मोहित सनवाल,दीपक साह,मिथिलेश पांडे, अतुल साह तथा प्रो. ललित तिवारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने ली वेंडर्स कल्याण समिति एवं संगठन सदस्यों बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में फड़ ठेलों के संचालन के संबंध में प्रमोद कुमार अग्निहोत्री केंद्रीय अध्यक्ष ठेला, फड़ तथा वेंडर्स कल्याण समिति एवं संगठन के सदस्यों के साथ बैठक की।

बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा नगर निगम क्षेत्र में वर्षो से संचालित फड़ ठेलों हेतु वेंडिंग जोन के निर्धारण करने, बाहर से आए अपंजीकृत फड़ संचालकों का सत्यापन कराए जाने तथा बाजार क्षेत्र में दुकानों के सामने सार्वजनिक सड़क पर दुकान स्वामी द्वारा पैसा वसूल करते हुए फ ड़ लगवाए जाने को रोकने आदि बिंदुओं पर जिलाधिकारी को अवगत करवाते हुए फ ड़ ठेलों के लिए निर्धारित वेंडिंग जोन बनवाने का अनुरोध किया और टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक करते हुए अवैध फड़ संचालन को रोकने की बात कही,जिस पर जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को अगले 10 दिन में वेंडिंग जोन के लिए अलग- अलग स्थानों पर उपयुक्त जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए साथ ही समिति के प्रतिनिधियों को उक्त कार्य में प्रशासन का सहयोग करने हेतु कहा,जिस पर समिति ने अगले 10 दिन में जिलाधिकारी को स्थानीय फ ड़ संचालकों की सूची देने आश्वासन दिया और कहा कि यदि प्रशासन वेंडिंग जोन निर्धारित कर फड़ संचालकों की संख्या सभी स्थानों पर तय कर उनको आई कार्ड देता है तो उसके बाद बाहर से आकर उन स्थानों पर अवैध रूप से फड़ लगाने वाले लोगों की जानकारी स्वयं समिति प्रशासन को देगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी लेगी कि जिन स्थानों पर जितनी संख्या तय की जाती है उससे अधिक फ ड़ संचालित न हों और निर्धारित स्थानों के अलावा कहीं और कोई फ ड़ आदि न लगाए।

जिलाधिकारी ने इस सकारात्मक रुख के लिए समिति के सदस्यों की सराहना की और उन्हें जल्द ही टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक का आश्वासन दिया। बैठक में डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि बैठक से पहले सत्यापन आदि प्रक्रिया पूरी कर ली जाए और विभागों की एनओसी प्राप्त कर ली जाए।

## NEWS / फटाफट

### जमीन में कब्जे को लेकर दो महिलाओं के बीच विवाद

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में जमीन में कब्जे को लेकर दो महिलाओं के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो एक महिला ने पुलिस को शिकायत कर कार्रवाई की मांग कर दी। कोतवाली पुलिस के मुताबिक मल्लीताल ओकलॉज निवासी करुणा ने 112 में कॉल कर पुलिस को सूचना दी कि उसकी पड़ोस की महिला उसकी जमीन पर कब्जा कर निर्माण कर रही है। मना करने पर वह उससे अभद्रता कर रही है। विरोध जताने पर उसके साथ मारपीट करने की कोशिश की जा रही है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर जाकर मामले में पूछताछ की तो दोनों महिलाएं एक दूसरे पर आरोप लगाने लगी। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि जमीनी विवाद होने के कारण पुलिस ने दोनों से कोर्ट की शरण लेने की बात कही, साथ ही भविष्य में मामले में लडाई झगड़ा कर शांति भंग करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

### पांच दिवसीय 68वें दुर्गा महोत्सव की तैयारियां

**नैनीताल।** नगर में सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में आगामी 8 अक्टूबर से आयोजित होने जा रहे पांच दिवसीय 68वें दुर्गा महोत्सव की तैयारियां तेज हो गयी हैं। महोत्सव की कामयाबी के लिए कमेटी से वार्ता के बाद नगर पालिका प्रशासन की ओर से महोत्सव में दुकान निर्माण तथा मंच निर्माण और बिजली व्यवस्थाओं की टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। 26 सितंबर (गुरुवार) को पालिका में टेंडर खोले जाएंगे। बता दें कि आठ से 12 अक्टूबर तक दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जाना है जिसमें व्यावसायिक मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होता है। पालिका की ओर से मेले की टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। पालिका प्रशासक/ एसडीएम केएन गोस्वामी ने बताया कि महोत्सव के लिए 350 दुकानों का निर्माण किया जाना है। दुकान निर्माण के लिए न्यूनतम 17.27 लाख और लाइट व्यवस्थाओं के लिए अधिकतम 3.85 लाख राशि के साथ टेंडर आमंत्रित किये गए हैं। 25 सितंबर तक आवेदन लिए जाएंगे। 26 को पालिका में टेंडर खोले जाएंगे।

### अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर बीयरशीवा में समारोह

**हल्द्वानी।** बीयरशीवा में 23 सितम्बर को अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर एक समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मूक बधिर बच्चों ने अपनी सांकेतिक भाषा में कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। इन बच्चों के लिए समर्पित शिक्षिकाएं नीमा नेगी, चंद्रकला तोमर और प्रियंका नेगी ने बच्चों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्थापिका निरुपमा भट्ट तलवार और चेयर पर्सन तिलक राज ने बच्चों को शुभकामनाएं दी और प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या मीना सती ने सांकेतिक भाषा के महत्व को समझाया और इसके मूक बधिर बच्चों के जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपप्राधानाचार्य एच.एस. बब्बर, प्रशासक निशा सिंह और कार्यक्रम संचालिका के.दत्ता उपस्थित थीं।




### महिला पर धोखाधड़ी का आरोप

**हल्द्वानी।** एक महिला ने अपनी पहचान की महिला पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि कि महिला ने उसे धोखा देकर उसके गहने उसने गोल्ड में निवेश के लिए रखे थे। अब वह उन्हें देने में आनाकानी कर रही है। पीड़िता ने उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीआरपीएफ कैंप निवासी रिंकी पत्नी स्वर्गीय चन्दन लाल ने आरोप लगाया है कि रजनी मेहता ने उन्हें विश्वास में लेकर उनके सोने के गहने धोखाधड़ी से ले लिए। रजनी ने गहनों को गोल्ड बैंक में निवेश के लिए रखा था और आश्वासन दिया था कि एक महीने में उन्हें ब्याज सहित गहने वापस मिल जाएंगे। लेकिन अब 9 महीने बीत जाने के बाद भी रिंकी को न तो गहने मिले और न ही पैसा। रजनी और उसके पति विनोद मेहता ने रिंकी को जान से मारने की धमकी दी है। रिंकी ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# धार्मिक व शैक्षिक हितों के लिये सिक्ख फ़ेडरेशन का गठन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

झगुरुद्वारा गुरूनानक पुरा के लँगर हॉल में सिक्ख समाज के युवकों की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से एक संगठन बनाने का निर्णय हुआ और सिक्ख फेडरेशन हल्द्वानी नाम से संगठन की नींव रखी गई। गुरूप्रीत सिंघ प्रिन्स ने बताया कि संगठन का उद्देश्य सिक्ख समाज व समाज के धार्मिक व शैक्षिक संस्थानों के हितो की रक्षा करना रहेगा।

संगठन के नौजवान ह्युड्डद्दड्डद्ध के बुजुर्गों के आशीर्वाद से लोकतांत्रिक तरीके से अपने हितों की लड़ाई लड़ेंगे। नवनिर्मित संगठन सिक्ख फेडरेशन हल्द्वानी को हल्द्वानी शहर के प्रत्येक क्षेत्र की सँगत का सहयोग व आशीर्वाद मिला। इस दौरान अमन कोहली, अमरजोत सिंघ सेठी, गगनदीप सिंघ कोहली, हरजीत सिंह चड्डा, परविंदर सिंघ, कुलविंदर सिंघ, जसमीत सिंघ साहनी, रमनदीप भसीन, अमनदीप सिंघ, गुरमीत गुजराल, मनमीत गुजराल, गगन सयाली, मनप्रीत सेठी, परमजीत सिंह पम्मा, हसमित बिन्द्रा, शैंकी कुकरेजा, सुरजीत कुकरेजा,अचिंत चड्डा, रिंकू गुजराल, गुरप्रीत आनन्द, अनमोल साहनी, इंद्रबीर सिंघ चंडोक, कवलजीत सिंघ, अवनीत रेखी, परविंदर नागपाल, कर्मजीत सेठी, पवनप्रीत सेठी, सिमरन गुजराल, जसप्रीत गुजराल, गुरनित कोहली, गुरमीत चंडोक, अंगद चंडोक, सुमित चंडोक, चरनजीत सिंह, विक्की नरूला, अमन चड्डा, सतवीर नरूला, हरप्रीत नरूला, पवनित सबरवाल, जसविंदर सिंह आदि उपस्थित थे।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## सियासी मुद्दा नहीं

*ग्रामीणों ने गैर-हिन्दू शब्द हटा दिया, लेकिन बाहरी व्यक्तियों शब्द लिखा है। इस मामले में उपजिलाधिकारी का कथन ग्रामीणों की भावना के पक्ष में है। उपजिलाधिकारी ने कहा कि गांवों में चोरी, अपराध और गलत प्रयोजन से जा रहे लोगों को रोक-टोक करने का ग्रामीणों को अधिकार है। कटु सत्य यह है कि अपराधियों में शासन और प्रशासन का कोई डर नहीं है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी सुरक्षा के लिए स्वतः कदम उठाने का अधिकार है। इस मामले को राजनीतिक रंग देना राज्य व जनहित में नहीं होगा।*

उत्तराखंड में बढ़ रहे अपराधों को रोकने में शासन और प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। रुद्रप्रयाग के कुछ गांवों में बाहरी व्यक्तियों और फेरी वालों के व्यापार करने पर प्रतिबंध तथा दंड देने संबंधी साइन बोर्ड लगाने का मामला तूल पकड़ गया है। राज्य के गृह सचिव ने प्रशासन को जांच करने के निर्देश दिये हैं। दरअसल साइन बोर्ड पर चेतावनी शीर्षक के साथ ग्राम सभा की ओर से गैर-हिन्दू के गांवों में प्रवेश पर प्रतिबंध और दंड देने की बात लिखी गई थी। मीडिया ने गांवों में लगे साइन बोर्ड का मामला उजागर किया तो पुलिस प्रशासन हरकत में आया और ग्रामीणों को साइन बोर्ड हटाने का आदेश दिया। ग्रामीणों ने गैर-हिन्दू शब्द हटा दिया, लेकिन बाहरी व्यक्तियों शब्द लिखा है। इस मामले में उपजिलाधिकारी का कथन ग्रामीणों की भावना के पक्ष में है। उपजिलाधिकारी ने कहा कि गांवों में चोरी, अपराध और गलत प्रयोजन से जा रहे लोगों को रोक-टोक करने का ग्रामीणों को अधिकार है। कटु सत्य यह है कि अपराधियों में शासन और प्रशासन का कोई डर नहीं है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी सुरक्षा के लिए स्वतः कदम उठाने का अधिकार है। इस मामले को राजनीतिक रंग देना राज्य व जनहित में नहीं होगा। भाजपा का कहना है कि केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव को लेकर कांग्रेस समुदाय विशेष के वोट लेने के लिए साइन बोर्ड में लिखे गैर-हिन्दू शब्द को तूल दे रही है। उधर कांग्रेस का कहना है कि भाजपा समाज को बांट रही है। बसपा और आम आदमी पार्टी का राज्य में जनाधार नहीं है, फिर भी भाजपा सरकार पर निशाना साध रहे हैं। उत्तराखंड राज्य बनने के बाद चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो, पर्वतीय क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों ने कानून व्यवस्था को बिगाड़ा है। हेयर कटिंग की दुकान में काम करने वाले बाहरी व्यक्ति अपहरण और दुष्कर्म के मामले में कई बार पकड़े गये हैं। फेरी वाले शहर से लेकर सुदूर गांव तक सामान बेचने के बहाने घूमते हैं और युवतियों का अपहरण कर लेते हैं। पर्वतीय क्षेत्र में दुकान और मकान बाहरी व्यक्तियों को किराये पर नहीं देने की मांग उठ चुकी है। अवैध शराब और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी में ज्यादातर समुदाय विशेष के लोग पकड़े जाते हैं। स्थानीय लोगों को लालच देकर नशे के कारोबार और नशा करने के लिए बाहरी लोग बाध्य करते हैं। अवैध शराब के धंधे पर रोक लगाने में पुलिस के विफल रहने पर पर्वतीय क्षेत्र की महिलाओं ने कई बार मोर्चा खोला है। हर साल आबकारी नीलामी के बाद शराब की नई दुकानें खोलने का विरोध भी महिलाओं ने किया है। सवाल यह है कि जब सरकार और प्रशासन अपराधियों पर नकेल नहीं कस पा रहा है तो जनसामान्य को क्या अपनी सुरक्षा का अधिकार नहीं है?

# रोडवेज कर्मियों ने किया चार अक्टूबर से आंदोलन का ऐलान

**हल्द्वानी/भवाली**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल का रोडवेज बस स्टेशन का सौंदर्यीकरण पूरा होने के बाद इसे अन्य विभागों को हस्तांतरित किये जाने के खिलाफ रोडवेज कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है।

इस संबंध में रोडवेज कार्यशाला फरसौली भवाली में संयुक्त मोर्चा परिवहन निगम की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन, रोडवेज इंप्लाइज यूनियन, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि निगम प्रबंधन पर नैनीताल बस स्टेशन का स्वामित्व लेने में लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि जिला प्रशासन ने बस स्टेशन को कुमाऊंनी शैली में विकसित करने के लिए तोड़ा था और अब सौंदर्यीकरण करने के बाद इसे परिवहन निगम को हस्तांतरित नहीं किया गया। यह यूपी के जमाने से ही परिवहन निगम की संपत्ति है। स्टेशन की भूमि निगम को दान में दी गई थी इसका स्वामित्व उत्तराखंड परिवहन निगम के पास है। संयुक्त मोर्चा से जुड़े कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि काम पूरा होने के बावजूद जिला प्रशासन बस स्टेशन को उत्तराखंड परिवहन निगम को हस्तांतरित न करते हुए अलग-अलग छह विभागों को आवंटित कर रहा है।

जो कि नियम विरुद्ध है। बस स्टेशन का स्वामित्व उत्तराखंड परिवहन निगम को दिया जाना चाहिए, क्योंकि नैनीताल के स्टेशन में निगम का लीगल सेल कार्यालय, पूछताछ कक्ष, ऑनलाइन बुकिंग ऑफिस, वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी कार्यालय, सहायक महाप्रबंधक कैंप कार्यालय, यात्री प्रतीक्षालय, कर्मचारी संगठनों के कार्यालय, उत्तराखंड परिवहन निगम का गेस्ट हाउस बनाया गया है। निगम की संपत्ति अन्य विभागों को आवंटित किये जाने से कर्मचारियों में आक्रोश है। मोर्चा से जुड़े कर्मियों ने बताया कि यदि उनकी अनदेखी की गई तो तीन चरणों में आंदोलन किया जाएगा। प्रथम चरण में 4 अक्टूबर को भवाली डिपो का संचालन पूर्ण रूप से बंद कर नैनीताल बस स्टेशन में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। दूसरे चरण में सात अक्टूबर को मंडलीय प्रबंधक संचालक कार्यालय काठगोदाम के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा और तीसरे चरण में 14 अक्टूबर को कुमाऊं भर के डिपो में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर कार्य बहिष्कार किया जाएगा। बैठक में रोडवेज कर्मचारी यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष एलडी पालीवाल, यूनियन की सचिव लीला बोरा, सतनाम सिंह, टीका सिंह मेहरा, शाखा मंत्री दीपक कुमार, सीमा सिंह, शाखा मंत्री भगवती पांडे, हेम बेलवाल, अखिलेश जोशी, लखन लाल, जगदीश सिंह, विद्यासागर, संतोष कुमार, जीवनलाल, सुरेखा शर्मा, ललित मेहरा, मनोज जोशी, गोपाल सिंह बिष्ट, रणजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, संजय, गिरीश सुयाल आदि मौजूद थे।

## स्वच्छता ही सेवा विषय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नैनीताल** । राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ (निशांत) में सोमवार को स्वच्छता ही सेवा विषय पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बता दें कि केंद्रीय संचार ब्यूरो नैनीताल की तरफ से स्वच्छता ही सेवा विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में सचिन कुमार पहले, भावना कोहली दूसरे और हिमांशु तीसरे स्थान पर रहे जबकि सबसे अच्छा स्लोगन लिखने के लिए अंजू शाही तथा आकाश को विजेता घोषित किया गया,जबकि प्रश्नोत्तरी में श्रेया,भावना,रक्षिता और कमल को पुरस्कार मिला। कार्यक्रम संयोजक शर्मिष्ठा बिष्ट ने बताया कि भारत सरकार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में स्वच्छता ही सेवा अभियान चला रही है, जिसका उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करना है। संस्था की प्रधानाचार्या तारा बोरा ने कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो ने छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर उनकी स्वच्छता के प्रति और अधिक जिम्मेदारी बढ़ा दी है। आनन्द बिष्ट ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने स्वच्छता गीत का सामूहिक गान भी किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।

# सेंट जोसेफ कालेज ने लगातार तीसरे वर्ष व बालिका वर्ग में मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर टेबल टैनिस में जमाया कब्जा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



न्यू क्लब नैनीताल के तत्वाधान में आयोजित टेबल टैनिस प्रतियोगिता के बालक वर्ग में सेंट जोसेफ कालेज ने लगातार तीसरे वर्ष आठवीं रोहित टंडन चैंपियनशिप पर कब्जा प्राप्त किया जबकि बालिका वर्ग में मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर ने चैंपियशिप पर कब्जा जमाया।

बता दें कि प्रायोजक रवि टंडन और रजत टंडन,उत्तरांचल ट्रेडर्स ने अपने भाई रोहित टंडन की स्मृति में यह प्रतियोगिता शुरु की थी। प्रतियोगिता के बालक सीनियर वर्ग में सेंट जोसेफ कोलेज के महिराज बिष्ट विजेता तथा उप विजेता इसी विद्यालय के सुयांश रहे जबकि तृतीय स्थान पर जीडी गोइंका के आवेश रहे। बालक जूनियर वर्ग में बिडला विधा मन्दिर के वाशु विजेता तथा द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर सेंट जोसेफ कोलेज के रिशिकए तथा आहिल रहे। बालिका वर्ग में प्रथम जी डी गोएंका की मांनस्वी तथ्य बीएसएसवी की निहारिका द्वितीय तथा मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की कावेरी तृतीय रही। बालक डबल्स वर्ग में बिड़ला विद्या मन्दिर के वाशु तथा क्षितिज प्रथम, सेंट जोसेफ कालेज के ऋषिक तथा अभिनव द्वितीय रहे। बालिका डबल्स वर्ग में मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की कावेरी तथा रिचा ने प्रथम तथा बी एसएसवी की निहारिका तथा हनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के राकेश गुप्ता ने कहा कि भविष्य में इस प्रतियोगिता को और वृहद रुप देने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि उभरते हुवे खिलाडियों को एक अच्छा मौका मिल सके जबकि गेस्ट ऑफ ऑनर सचिव डिस्ट्रिक्ट टी टी एसोसिएशन समित टिक्कू थे। इस मौके पर न्यू क्लब के कोषाध्यक्ष योगेश पांडे तथा पूर्व महासचिव डीएसए सुदर्शन साह ने अपने विचार व्यक्त किए। निर्णायक शैलेश साह, चंदन सिंह बिष्ट तथा अवकाश प्राप्त ग्रुप कैप्टन ए. कुमार थे। इस मौके पर न्यू क्लब के अध्यक्ष डा. महेन्द्र पाल, सचिव रितेश साह, उपसचिव दिग्विजय, एडवोकेट प्रभाकर जोशी, कुंदन बिष्ट, आलोक साह, उमेश त्रिपाठी, कमल जगाती, अंजू जगाती, मोहित जगाती, बिशन सिंह मेहता आदि खेल प्रेमी उपस्थित थे। संचालन वरिष्ठ एडवोकेट प्रभाकर जोशी ने किया।

# फिल्मी दुनिया

## गुरदास मान ने की शाहरुख खान के व्यवहार की तारीफ



*बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान को उनके स्वाभाव और मेजबानी के लिए काफी तारीफें मिलती है। अब पंजाब के लोकप्रिय गायक गुरदास मान ने उनके व्यवहार की तारीफ की है। उन्होंने फिल्म वीर जारा की शूटिंग से जुड़ा एक वाकया साझा किया है। शाहरुख खान हिंदी फिल्मों के बड़े सुपरस्टार हैं। उन्होंने लगातार कई दशकों से दर्शकों का मनोरंजन किया है। उन्होंने अपने करियर के दौरान एक से बढ़कर एक फिल्में की हैं। अपने अभिनय के अलावा वो अपने स्वाभाव के लिए भी काफी तारीफें हासिल करते हैं। उन्हें उनके विनम्र स्वभाव, मजाकिया अंदाज और साफ विचारों के लिए काफी सराहना मिलती है। रितेश देशमुख, कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा और अभिनेता राघव जुयाल सहित कई फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी कई हस्तियों ने शाहरुख की तारीफ की है कि वो बेहद शानदार मेजबान हैं। हाल में पंजाब के लोकप्रिय गायक गुरदास मान ने भी उनकी तारीफ की है।*

*टीवी 9 डिजिटल के साथ एक नए इंटरव्यू के दौरान, गुरदास मान ने शाहरुख खान के अच्छे व्यवहार को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि कि साल 2004 में यश चोपड़ा की फिल्म वीर जारा की शूटिंग के दौरान शाहरुख का व्यवहार उनके प्रति बेहद खास था। उन्होंने कहा कि वह उनका काफी सम्मान करते थे। लोकप्रिय गायक ने याद करते हुए बताया कैसे वीर जारा की शूटिंग के दौरान शाहरुख ने उन्हें गले लगाया था।*

### शाहरुख ने उन्हें गले लगा के उठाया

*गुरदास मान ने कहा कि जिस तरह से शाहरुख ने उन्हें गले लगा के उठाया, तो उन्हें काफी सम्मानित महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि वह उनके साथ बहुत प्यार और सत्कार से पेश आए। गुरदास ने आगे कहा कि शाहरुख ने उन्हें जो भी वह खाना-पीना चाहते थे, वो सब का इंतजाम किया और खिलाया। इसके बाद वह उन्हें कार तक छोड़ने भी गए।*

# पर्यटक का खोया हुआ बैग को लौटाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में सोमवार को कांग्रेस के जिला महामंत्री वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने ईमानदारी का परिचय देते हुए हरियाणा के पर्यटक मनदीप का खोया हुआ बैग को सुरक्षित लौटा दिया।

वीरेंद्र सिंह बिष्ट के मुताबिक हरियाणा के पर्यटक मनदीप अपनी फैमिली के साथ पंगूट से लौट रहे थे तभी इनका बैग रास्ते में गिर गया। उन्होंने बताया जब वह जब वह पंगूट से नैनीताल को आ रहे थे, तभी उन्हें रास्ते में एक बैग पड़ा हुआ मिला, उन्होंने छानबीन के बाद पर्यटक को इसकी सूचना दी।

तत्काल बैग लेकर वह तल्लीताल पुलिस चौकी पहुंचे। पुलिस ने पर्यटकों को चौकी पर बुलाया, उसके बाद पुलिस की मौजूदगी में ही बैग को पर्यटकों को सौपा। पर्यटक ने अपना बैग पाकर वीरेंद्र सिंह बिष्ट का विशेष आभार व्यक्त किया,कहा कि आज भी लोगों में ईमानदारी जिंदा है।



## News कॉर्नर

### नैनीताल महिला मोर्चा कर रहा है जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनावों में अहम योगदान



**हल्द्वानी।** भाजपा नैनीताल जिले की महिलाएं जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनावों में अपनी सार्थक भागीदारी निभा रही हैं, हाल ही में संपन्न हुए एक चरण के चुनाव में भी वोटिंग परसेंटेज में बढ़ोत्तरी हुई है। एडवोकेट विजया लक्ष्मी चौहान ने बताया की नैनीताल महिला मोर्चे की बहनें प्रतिदिन भाजपा के मंत्र बूथ जीतो चुनाव जीतो के मंत्र के साथ बूथ एवं शक्ति केंद्रों में हो रही बैठकों एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं, स्थानीय लोगों को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में बता रही हैं एवं लाभार्थी परिवारों से भी मुलाकात कर रही हैं। नैनीताल जिले से अल्का जीना, एडवोकेट विजया लक्ष्मी चौहान, पूनम जोशी, मुन्नी बिष्ट, कविता नेगी इस समय प्रवास कार्यक्रम में जम्मू में सक्रिय है।

### सट्टेबाजी करता एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने बुध बाजार ग्राउंड में सट्टेबाजी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस निरीक्षक विरेन्द्र चन्द्र और उनकी टीम ने क्षेत्र में गश्त के दौरान आसिफ को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1000 रुपये नकद, सट्टा पर्ची, पैन और गत्ता बरामद हुआ। आसिफ के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत मुकदमादर्ज किया गया है।

# प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज के तरणताल में 16वीं एक्वेटिक मीट का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शिक्षा नगरी नैनीताल शहर का प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज के तरणताल में सोमवार को 16वीं एक्वेटिक मीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर सब जूनियर, जूनियर, मिडिल तथा सीनियर छात्राओं ने फ्री स्टाइल, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बैक स्ट्रोक, बटरफ्लाइ स्ट्रोक में 25मी, 50मी व 100मी रेस में तैराकी के जौहर दिखाये। कक्षा 2 की छात्राओं ने लाइफ जेकेट रेस में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में तैराकों ने 8.25 मी रीले रेस व 100मी मेडले रेस मे भी शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा छात्राओं ने अंतर सदन रिले रेस में



भी प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के दौरान नंदिनी बिष्ट, दिलरीत कौर, नव्या सिंह, सिमर कौर व रागवी अचला सिंह ने अपनी- अपनी श्रेणी में अपने जौहर का प्रदर्शन कर पुराने रिकॉर्ड भी ध्वस्त किए। एक्वेटिक मीट 2024 में बेस्ट स्विमर का अवार्ड जूनियर श्रेणी नंदिनी बिष्ट जबकि मिडिल श्रेणी में नेहमत कौर पुनियन और सीनियर श्रेणी में दिलरीत कौर को दिया गया वहीं दुआ स्पेशल अवार्ड से वैदेही राठौड़ और ऐश्वर्य सिंह को नवाजा गया। स्विमर ऑफ द मीटश् का खिताब नंदिनी बिष्ट के नाम रहा। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रॉबिंसन सदन को एक्वाटिक शील्ड 2024 प्रदान की गई। मुख्य अतिथि नैनीताल के राज भवन गोल्फ क्लब के गोल्फ कैप्टन रिटायर्ड कर्नल विवेक भट्ट ने छात्राओं के प्रयास, साहस और आंतरिक बल की सराहना की व तैराकी के साथ साथ महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ऑल सेंट्स की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि एक न एक दिन ऑल सेंट्स भविष्य के चैंपियन तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि छात्राओं की प्रतिभा को देख वह स्तब्ध हैं साथ ही उन्होंने छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना भी की। विद्यालय की प्रधानाचार्या किरन जरमाया ने कहा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना ही अपने आप में सफ लता है। उन्होंने एक्वेटिक मीट के सफल आयोजन के लिए प्रभु का शुक्रिया अदा किया। साथ ही उन्होंने सभी अतिथियों, अभिभावकों व समस्त कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान शांति बिष्ट, रेवरेंड जॉन जॉर्ज मुन्नवर, श्रीमती मुन्नवर, ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार, वृन्दावन पब्लिक स्कूल के आलोक साह एवं राखी साह,सनवाल स्कूल की करिश्मा सनवाल, आलोक साह, गीता साह, मधु विग, सुनीता चौहान, राजेंद्र जोशी, गोपाल बिष्ट, प्रीति आर्या, भुवन पडियार, शिखा साह तथा कमला राणा वित्त प्रबंधक ओपी सिंह तथा समस्त तैराक छात्राओं के अभिभावक एवं कई खेल प्रेमी मौजूद रहे। संचालन सीमा टुलघरिया व ज्योतिका गिल ने किया।

# सिडकुल पुलिस के हत्थे चढ़ा मोबाइल लूट गैंग, चार लुटेरे दबोचे

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

सिडकुल क्षेत्र में मारपीट कर मोबाइल लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक नाबालिग समेत चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 12 मोबाइल बरामद किए। पुलिस जेल भेजने की कार्रवाई कर रही।

सोमवार दोपहर को एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने अपने कार्यकाल में खुलासा किया। उन्होंने बताया कि सिडकुल क्षेत्र में लोगों से मारपीट कर मोबाइल लूटने की घटनाएं हो रही। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर को दिनेशपुर क्षेत्र निवासी रंजीत राय ने पुलिस को तहरीर दी थी।

जिसमें तीन चार लोगों ने उससे चाकू की नोंक पर मोबाइल और पर्स लूट लिया। एसपी सिटी ने बताया कि घटनाओं को रोकथाम के लिए एसएसपी के निर्देश पर पुलिस टीम का



गठन किया गया। टीम में चौकी प्रभारी सिडकुल प्रदीप कुमार ने 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले और सौ से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान एक नाबालिग समेत चार को हिरासत में लिया। चारों के पास से 12 मोबाइल व चाकू बरामद किए। पूछताछ में अपना नाम पता ट्रांजिट कैंप निवासी आयुष सैनी पुत्र अजय सैनी, विशाल स्वर्णकार पुत्र मनोज निवासी मछली बाजार ट्रांजिट कैंप,शिवा वर्मा पुत्र राम विलास निवासी ढाल के पास ट्रांजिट कैंप बताया। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस नाबालिग के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। जबकि अन्य तीनों को जेल भेजा जा रहा है। एसपी सिटी ने बताया कि एसएसपी ने सभी थानाध्यक्षों और चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं, घटनाओं को रोकथाम के लिए कदम उठाए। संदिग्धों से सख्ती से पूछताछ की जाए।

# रामनगर एमपी इंटर कालेज के खेल मैदान में दशहरा पर्व की अनुमति मिली

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने रामनगर एमपी इंटर कालेज के खेल मैदान में दशहरा त्यौहार आयोजित करने की अनुमति दे दी है। बता दें कि रामनगर की रामलीला कमेटी की ओर से दायर प्रार्थना पत्र पर मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में सुनवाई हुई।

कमेटी की ओर से एमपी इंटर कालेज मैदान में दशहरा त्योहार मनाये जाने के लिए अनुमति मांगी गई थी। खंडपीठ ने एक दिन की अनुमति प्रदान कर दी। हाईकोर्ट ने सादाब उल हक की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए वर्ष 2022 में एमपी इंटर कालेज मैदान में खेल गतिविधियों के अलावा अन्य सभी गतिविधियों पर रोक लगा दी थी। वर्ष 2022 में दायर याचिका में कहा गया कि तत्कालीन सरकार ने सन्

**सुनवाई**

● 2022 में मैदान में सभी गतिविधियों पर रोक लगा दी

1933 में रामनगर स्थित 11000 वर्ग गज भूमि को तत्कालीन रामा एंग्लो वर्नाक्यूलर स्कूल (अब एमपी इंटर कालेज) को खेल गतिविधियों के लिये दी थी। यह भूमि पहले 30 साल की अवधि के लिये निःशुल्क लीज पर दी गयी और इसके बाद 1965 में पुनरू लीज बढ़ा दी गयी। इसका उद्देश्य खेल गतिविधियों को बढावा देना था। इस खेल मैदान का मालिकाना हक व प्रबंधन रामनगर नगर पालिका के पास है लेकिन कालेज प्रबंधन लीज शर्तों का उल्लंघन कर मैदान में व्यावसायिक गतिविधियां (नुमाइश व मेला) संचालित कर रहा है। वर्ष 1995 के बाद लीज का नवीनीकरण नहीं हुआ है।

# उत्तराखण्ड मुक्त विवि में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाएं विभाग, मानविकी विद्याशाखा, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी द्वारा हिंदी दिवस पखवाड़ा निमत्तक समारोह के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। तदुपरांत हिंदी भाषा चेतना और संवेदना बिषय पर व्याख्यान किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलपति प्रोफ़ेसर ओ पी एस नेगी जी रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भाषा जानने का बिषय है। भाषा चेतना एवं संवेदना की जागृति है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत निदेशक (संयोजक) प्रोफेसर रेनू प्रकाश ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. मृत्युंजय जी, सीएसडीएस नई दिल्ली ने बताया कि हिंदी भाषा चेतना कि भाषा है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रविकांत जी, सीएसडीएस, नई दिल्ली ने बताया कि भाषा संस्कृति का संचार है। आलोचना के बिना ज्ञान नहीं पनपता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि (उत्तराखंड साहित्य रत्न) के रूप में प्रो. दिनेश चमोला जी ने बताया कि भाषा यथार्थ चेतना का विषय है। कार्यक्रम के सह संयोजन डॉ. शशांक शुक्ल ने कहा कि चेतना का प्रभाव ही भाषा है। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण का भी आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. कांता प्रसाद को प्रथम, डॉ. मेधा पंत को द्वितीय, दीप्ति कमल को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी निदेशक गण, प्राध्यापक, प्रशासनिक अधिकारी, कुलसचिव, तथा डॉ हरीश जोशी, डॉ कमल देवलाल, डॉ राजेंद्र केड़ा, डॉ. गोपाल दत्त भट्ट, डॉ राजेंद्र सिंह क्वीरा, डॉ. नंदन कुमार तिवारी, डॉ प्रमोद जोशी, डॉ. प्रभाकर पुरोहित, द्विजेश उपाध्याय, जगमोहन परगाई, भाग्यश्री, अरविंद भट्ट, राहुल पंत, डॉ सुधीर नौटियाल, रेनू भट्ट, सहित 50 से अधिक लोग मौजूद रहे।



# यूथ कांग्रेस विधान सभा कार्यकारिणी का विस्तार

**नैनीताल।** यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर द्वारा यूथ कांग्रेस विधान सभा कार्य कारिणी का विस्तार करते हुए अमन महिंद्रा को यूथ कांग्रेस विधान सभा का नैनीताल का अध्यक्ष चुना गया है। इसी बीच अमन महिंद्रा ने इसके लिए शीर्ष नेतृत्व व सुमित्तर भुल्लर समेत निवर्तमान नगर पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी, सुनील मेहरा, प्रदेश अध्यक्ष यूथ कांग्रेस (विधि प्रकोष्ठ) सूरज पांडे समेत अर्जुन रौतेला, पंकज बिष्ट व सभी साथियों का आभार प्रकट किया है। अमन ने विश्वास दिलाया है कि वह संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# सड़कों पर अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने दी हिदायत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर पालिका प्रशासन द्वारा सोमवार को बड़ा बाजार से लेकर नैनीताल क्लब तक अतिक्रमण हटने के लिए अभियान चलाया गया, जिसमें नगरपालिका की पूरी टीम ने सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले सभी दुकानदारों को अंतिम अल्टीमेटम देकर अतिक्रमण हटाने की सख्त हिदायत दी और कहा कि अब भी अगर व्यापारी नहीं मानेंगे तो उनके खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान बड़ा बाजार के कुछ व्यापारियों ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका की पंत पार्क, भोटिया मार्केट, तिब्बतन मार्केट तथा चाट पार्क व गाड़ी पड़ाव जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमणकारियों को खुला समर्थन दिया जा रहा है। पंत पार्क में तो चार घंटे लगने वाले फ ड़ कारोबारियों द्वारा अपना सामान रात भर वहीं पर बांध कर रखा जाता है पर उन्हें कोई नहीं हटाता इससे जाहिर होता है कि ये फ ड़ कारोबारी पालिक कर्मियों को निश्चित आर्थिक फ ायदे पहुंचा रहे हैं। नगरपालिका कर्मियों की इस अतिक्रमण विरोधी दोहरी मुहिम से व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त हो गया। दूसरी ओर नगर पालिका नैनीताल के अतिक्रमण प्रभारी कमल कटियार ने बाजार क्षेत्रों में व्यापारियों को सख्त हिदायत देकर कहा कि पालिका की टीम सोमवार को केवल अतिक्रमण न करने की हिदायतें दे रही पर मंगलवार (आज) से सभी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाएगी। इस सम्बंध में जब धारी के उपजिलाधिकारी व नगरपालिका नैनीताल के प्रशासक के.एन. गोस्वामी से बाजार क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने की जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि यह नगरपालिका नैनीताल की अतिक्रमण के खिलाफ नियमित कार्यवाही है जो कि समय समय पर की जाती है।

# डीएम ली ने धान खरीद की तैयारियों की समीक्षा बैठक

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने धान खरीद की तैयारियां समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

यह निर्देश डीएम ने सभागार में आयोजित धान खरीद की तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिये। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि धान खरीद हेतु सभी तैयारियां समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सम्बन्धित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि 28 सितम्बर तक धान क्रय केन्द्रों का




भौतिक सत्यापन करते हुए समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि राइस मिलर्स के पदाधिकारियों के साथ वार्ता हुई जिसमे 30 सितम्बर से पूर्व सभी राईस मिलर्स सम्भागीय खाद्य नियंत्रक कार्यालय में पंजीकरण का कार्य करते हुए एक अक्टूबर 2024 से धान खरीद का कार्य संपादित करने पर सहमति बनी। राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा अपनी समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन दिया गया, जिस पर डीएम ने समस्याओं को यथाशीघ्र निस्तारण किये जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि जनपद में 214 धान क्रय केन्द्र बनाये गये है जिसमे यूसीएफ के 174, खाद्य विभाग के 25 व एनसीसीएफ के 15 धान क्रय केन्द्र आवंटित किये गये है। बैठक में सीडीओ कुमार, आरएफसी कुमाऊं बीएस फिरमाल, निदेशक मंडी आरडी पालीवाल, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप निदेशक मंडी निर्मला बिष्ट, एसडीएम मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, सहायक निबंधक सहकारी समितियां सुमन कुमार, अध्यक्ष राईस मिलर्स एसोसिएशन नरेश कंसल सहित संबंधित अधिकारी व राइस मिलर्स एसोसिएशन के लोग मौजूद रहे।